महत्वपूर्ण एवं खास

महिला सुरक्षा को लेकर 16 मई को कलेक्टोरेट का घेराव

कोरबा (आरएनएस)। जिला युवा कांग्रेस ने महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अत्याचार व महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर 16 मई को कलेक्टोरेट का घेराव करने का निर्णय लिया है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष नितन चौरसिया ने बताया कि प्रदर्शन में पूरे जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। अत्याचार रोकने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। शहर के केके रोड़ मौदहापारा कबाड़ी चौक के पास कल शाम को चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को मौदहापारा पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी अजय बेहरा पिता अशोक 28 वर्ष निवासी स्विपर मोहल्ला के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सड़क निर्माण कार्य मे लगे मुंशी की नक्सलियों ने की हत्या

दंतेवाड़ा,(आरएनएस)। दक्षिण बस्तर में नक्सलियों ने एक बार फिर सड़क निर्माण को निशाना बनाया है। कुआकोण्डा ब्लाक के गढ़मिरी गांव में माओवादियों ने सड़क निर्माण में लगे मुंशी की हत्या कर दी है। बुधवार को उसका शव सड़क पर पड़ा मिला। शव के ऊपर नक्सलियों ने पर्चा रख मृतक पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है। पर्चे में नक्सलियों ने हत्या की वजह मुखबिरी बताते हुए वारदात की जिम्मेदारी ली है। वहीं मुंशी राजू को लातूर जिले का रहने वाला बताया गया है। माओवादियों ने पर्चे में लिखा है कि राजू पुलिस मुखबीर है। इसी लिए उसे मौत की सजा दी गई है। इस नक्सली वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

आयकर अधिकारियों का हुआ तबादला

सीऐ एसोसिएशन ने दी भावभीनी विदाई

रायगढ़, (आरएनएस)। जिले के दो आयकर अधिकारी सुजित विश्वास व संतोष साहू का बीते दिनों वित्त विभाग द्वारा तबादला कर दिया। रायगढ़ सी ए एशोसिएशन के ने इन अधिकारियों का स्मृति चिन्ह व गुलदस्ता देकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने भावभीनी उदगार प्रकट करते हुए दोनों अधिकारियों ने रायगढ़वासियो का आभार प्रकट किया एवं तहेदिल से धन्यवाद देते हुए यहाँ बिताये हुए पलो को सदैव के लिए यादगार बताया सुजीत विश्वास को शासन ने रायपुर तो संतोष साहू को जबलपुर डिवीजन में पदस्थ किया है। इस सम्मान कार्यक्रम में जिला सी ए एशोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बेरिवाल , पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, बीके केडिया, आलोक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, संतोष टिबरेवाल, सोनिल अग्रवाल व तमाम पदाधिकारी एवं रायगढ़ सीए एसोसिएशन के सदस्य मौजूद थे।

हीराग्रुप के डायरेक्टर के मकान में लॉकर तोड़ चोरी का प्रयास

रायपुर, (आरएनएस)। हीराग्रुप के डायरेक्टर जगदीश अग्रवाल के चौबे कालोनी रायपुर स्थित मकान में अज्ञात आरोपी द्वारा वहां रखे लॉकर को तोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया। घटना की रिपोर्ट पंकज शुक्ला ने सरस्वती थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने धारा 457 के तहत मामला दर्ज विवेचना में लिया है।

दुकान के रोशनदान से घुस कर चोर नगदी ले उड़ा, चोरियों से लोग परेशान

रायगढ़, (आरएनएस)। आये दिन हो रही चोरियों से लोगों को राहत नही मिल रही पुलिस की गस्त के बावजूद शहर में रोज ताले टुट रहें हैं । गांधीगंज रायगढ़ के संजय गोयल की सेवाकुंज रोड़ में केबल इलेक्ट्रीकल्स के नाम से दुकान है । कल रात 9 बजे संजय दुकान बंद कर घर आ गया था । आज सुबह 9 बजे दुकान का ताला खोलकर देखे तो रोशन दान की फाल सिलिंग पट्टी टुटी हुयी थी गल्ला दराज में रखे 10-10, 20-20 रूपये के नोट करीबन 3000 रूपये को कोई अज्ञात चोर पीछे रोशन दान से घुसकर फाल सिलिंग पट्टी को तोड़कर चोरी कर ले गया था चोरी के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

फलदान करने गये युवक को मोटरसायकल ने ठोका, एक की मौत, 2 घायल

रायगढ,(आरएनएस)। फलदान करने गये युवक की मोटर सायकल की ठोकर से मृत्यु हो गयी जबकी दो अन्य घायल हैं ग्राम गेरसा धरमजयगढ़ में रहने वाला बजरंग चौहान कल फलदान कार्यक्रम में शामिल होने परिवार तथा गांववालों के साथ ग्राम क्रोन्धा गया था । कार्यक्रम के बाद बजरंग मोटर सायकल में पीछे गजानंद चौहान तथा धरमसाय विश्वकर्मा को बिठाकर वापस गेरसा आ रहा था कि शाम करीब 6.30 बजे आमापाली एवं आमगांव के बीच एक अज्ञात मोटर सायकल चालक ने बजरंग चौहान की मोटर सायकल को सामने से ठोंकर मार दी जिससे बजरंग और उसके साथी तीनों सड़क पर गिर गये, दुर्घटना से बजरंग चौहान की स्थिति काफी नाजुक थी तथा गजानंद चौहान और धरमसाय विश्वकर्मा को भी काफी चोटें आयी थी ।

घर से दो मोबाईल पार

रायपुर,(आरएनएस)। बोरियाखुर्द आरडीए कालोनी निवासी प्रार्थी हेमलाल साहू के घर से अज्ञात चोर ने दो मोबाईल फोन चोरी कर ले गया। बताया जा रहा है कि प्रार्थी ने करीब सात हजार कीमत के दो मोबाईल फोन अपने घर के अंदर टेबल के ऊपर रखे थे। इस दौरान उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। इसी का फायदा उठाकर कोई अज्ञात चोर घर में प्रवेश कर दोनों मोबाईल चोरी कर ले गया। टिकरापारा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी पतासाजी कर रही है।

73वें और 74वें संविधान संशोधन की रजत जयंती, प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पंचायती राज दिवस मनाया गया

रायपुर, (आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 24 अप्रैल 2018 मंगलवार को पंचायती-राज व्यवस्था की 25वीं सालगिरह पर पूरे देश में प्रदेश एवं जिला मुख्यालयों में पंचायती-राज दिवस के रूप में मनाया गया है। 24 अप्रैल 1993 को 73 एवं 74वें संविधान संशोधन लागू हुआ, जिसके तहत पंचायतों एवं नगरीय-निकाय को संवैधानिक दर्जा मिला। पंचायतों एवं नगरीय-निकाय में महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग का निश्चित प्रतिनिधित्व तय किया गया थी। यह प्रक्रिया भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के प्रेरणा से ही संभव हो सकी है। आज प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों तथा राजधानी रायपुर में भी कार्यक्रम में विशेष रूप से त्रि-स्तरीय पंचायत के कांग्रेस विचारधारा वाले जनप्रतिनिधियों एवं नगरीय-निकाय क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों को आमंत्रित कर संगोष्ठी, कार्यशाला, संवाद, सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के ग्राम-स्वराज की अवधारणा के आधार पर चिंतन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। राजधानी रायपुर कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री एवं विधायक सत्यनारायण शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेश तिवारी,पूर्व महापौर एवं संचार विभाग के सदस्य फिरमयी नायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, शहर जिला अध्यक्ष विकास उपाध्याय, महापौर प्रमोद दुबे, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी वर्मा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, महासमुंद जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग, मीडिया पैनेलिस्ट सुमित दास, युवा इंटुक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनी अग्रवाल, अंजनी वर्मा, शशि सिंह गौर, जरीना अली, दीपांजलि सरबंस, सुधा सिन्हा, सत्यानंद तांडी, विनय दुबे, अजहर रहमान, यशवंत शुक्ला, नवीन चंद्राकर, कीर्ति लोखंडे, आर रमेश, देव यादव, छोटू पांडे, तुला राम बाघ, राजेंद्र चंद्राकर, हरदेव द्विज्ञें, भूपेंद्र साहू, लव कुमार, सुदीप होर, श्रीकुमार मेनन, प्रमोद चैबे, रामलाल, सागर जंघेल, करण रगड़े, सुनील सोनी, आशा यादव, यशवंत कुमार साहू, सुरेंद्र चैधरी, मनहरे, पुरुषोत्तम सारथी, सुंदरलाल जोगी, हितेश राजन, मोहम्मद अजहर खान, फनीस साहू, एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

उमस भरी गर्मी से निपटने नक्सली इलाके के जवान तीखूर पी रहे

जगदलपुर, (आरएनएस)। बस्तर के दूरस्थ बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंटा सहित नारायणपुर आदि क्षेत्रों में नक्सलियों से लोहा लेने और मौसम की मार से बचने के लिए सशस्त्र बल के जवान तीखूर का उपयोग कर अपने आपकी इस गर्मी के मौसम में अपनी रक्षा कर रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में नक्सलियों ने लोहा ले रहे सीआरपीएफ और छग सशस्त्र बल के सैकड़ों जवान इन दिनों अपने बैग में तीखूर लेकर साथ चलते हैं और जहां प्यास लगती है वहां इसका शरबत बनाकर पी लेते हैं। इस प्रकार वे बस्तर की उमस भरी गर्मी से खुद को डिहाइड्रेशन से बचाने का प्रयास कर अपनी रक्षा कर रहे हैं। इसके चलते तीखूर की मांग बढ़ गई है और बीजापुर-सुकमा क्षेत्र का तीखूर बस्तर के अन्य बाजारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके चलते तीखूर महंगा भी हो गया है। उल्लेखनीय है कि नक्सलियों से संघर्ष के लिए दक्षिण पश्चिम बस्तर में सीआरपीएफ की करीब 20 बटालियन और छग सशस्त्र बल की लगभग तीन कंपनियों के हजारों जवान अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भीषण गर्मी में भी जवान बस्तर में शांति स्थापना के लिए जंगलों में लगातार सर्चिंग कर रहे हैं। दक्षिण बस्तर में जहां जवान जानलेवा मच्छरों से परेशान रहते हैंए वहीं यहां की गर्मी भी उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालती है। इससे बचने के लिए जवानों ने स्थानीय आदिवासी समुदाय के द्वारा परंपरागत तरीके से उपयोग में आ रहे तीखूर के औषधीय गुण तथा उसके बारे में जानकारी प्राप्त कर इसका उपयोग शुरू कर दिया है।

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आइये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, रेलवेयार्ड के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

= टाटीबंध चौक पर होती दुर्घटना,जिम्मेदार कौन - कन्हैया =

रायपुर, (आरएनएस)। शहर का सबसे प्रमुख और व्यस्त टाटीबंध चौक सरकारी लालफीताशाही का शिकार बनकर आम आदमी की मौत का कारण बन गया है । चौक की डिजाईन और ब्रेकर के कारण एक माह में दो महिलाओं की मौत हो चुकी है । इन मौतों का जिम्मेदार कौन है ? प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, अशोक शिवहरे, अतुल रघुवंशी, नागेन्द्र वोरा और धवल तिवारी ने उक्ताशय का बयान जारी करते हुए कहा, कि टाटीबंध चौक की बनावट ने कितनी जिन्दगी ले ली पर पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे और सड़क निर्माता डी. एस. कंस्ट्रक्शन ने इस संबंध में कोई कार्य नहीं किया है । टाटीबंध चौक में कल रात एक महिला की मौत ब्रेकर की वजह से हो गई, इससे पहले चौक की डिजाईन ने महिला की जान ली, कुछ दिन पहले उपासने उसी चौक में दुर्घटना का शिकार हुए ।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना : 44 गांवों को बनाया जाएगा धुंआरहित

रायपुर, (आरएनएस)। भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल से 5 मई तक प्रदेश में ग्राम स्वराज अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत केंद्र शासन की फ्लैगशिप योजना 'प्रधानमंत्री उज्जवला योजना' के अंतर्गत रायपुर जिले के 44 गांवों को धुआंरहित बनाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ओ.पी. चौधरी ने इसके लिए खाद्य विभाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को तत्परतापूर्वक इन 44 गांव के सभी परिवार को उज्जवला योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए पंचायत सचिवों, साक्षरता प्रेरकों एवं गैस एजेंसी के प्रतिनिधि की टीम बनाकर कार्य करने को भी कहा है। उल्लेखनीय है कि इन गांव में वर्तमान में 14 हजार 363 परिवार है जिसमें से 6 हजार 661 परिवारों को गैस कनेक्शन के सुविधा मुहैया हो गई है। वर्तमान में करीब 7 हजार 662 परिवार ऐसे हैं जिनके पास वर्तमान में गैस कनेक्शन नहीं है। कलेक्टर ने इन सभी ग्रामों को धुंआरहित बनाने के लिए पहले सभी सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना 2011 के आधार पर पात्र परिवारों तथा योजना के विस्तारित निर्देश के अनुसार अन्त्योदय अन्न योजना के गुलाबी राशनकार्डधारी परिवारों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना अंतर्गत हितग्राही परिवारों और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ऐसे परिवारों जिनके पास पूर्व में कनेक्शन नहीं है।

पापा की डांट के डर से छात्र ने लगायी फांसी, 9वीं की परीक्षा में हो गया था दूसरी बार फेल

भिलाई,(आरएनएस)। घासीदास नगर में सोपलपलपलप्रकल्पवार को एक छात्र ने नवमीं कक्षा में दूसरी बार फेल हो जाने पर पिता की डांट के डर से घर के पूजा कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर झूल गया , जिसे आनन-फानन में परिजनों ने चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना पर पुलिस दी जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है । नवमीं कक्षा का छात्र था जामुल थाना पुलिस ने बताया है कि हेमराज यादव 16 वर्षीय घासीदास नगर का रहने वाला है। वह विवेकानंद शासकीय हाई स्कूल हाउसिंग बोर्ड में 9वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ , जिसमें वह दूसरी बार परीक्षा परिणाम में असफल रहा। घर आया और परीक्षा परिणाम के बारे में परिजनों को बताया कि इस बार वह फिर फेल हो गया है। दूसरी बार फेल होने की वजह से वह थोड़ा निराश था।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई-पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न

रायपुर, (आरएनएस)। केन्द्र सरकार के मिशन अमृत के तहत छत्तीसगढ़ के नौ शहरों में दो हजार करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य हो रहे हैं। इसमें से सर्वाधिक डेढ़ हजार करोड़ रूपए स्वच्छ पेयजल की बेहतर व्यवस्था पर खर्च की जा रही है। यह जानकारी आज यहां मुख्य सचिव अजय सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय (महानदी भवन) में मिशन अमृत (अटल शहरी नवीनीकरण एवं परिवर्तन मिशन) की राज्य स्तरीय हाई पावर कमेटी की बैठक में दी गई। उल्लेखनीय है कि मिशन अमृत योजना के तहत राज्य के नौ शहर - रायपुर, भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, राजनांदगांव, जगदलपुर, अम्बिकापुर और रायगढ़ शामिल किए गए हैं। बैठक में बताया गया कि इन शहरों के नगरीय निकायों के सहयोग से यहां के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने शहरों की स्वच्छता कन्हरड डेञनेज सिस्टम और व्यवस्थित लोक परिवहन शहरों की हरियाली के लिए वहां के उद्यानों में सौंदर्यीकरण कार्य करने के लिए व्यापक परियोजना के तहत दो हजार 49 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से कार्य किया जा रहे हैं।

ट्रक की ठोकर दो की हुई मौत, एक घायल

रायगढ़, (आरएनएस)। जहां शादी की शहनाईयां बज रही थी वही अकस्मात मातम के रुदन में बदल गया यह हादसा हुआ सांरगढ़ के गुढीहारी स्थित पटेल परिवार में जहां भतीजे की बारात में गये पुरूषोत्तम पटेल और उसके साले की एक सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई वही मृतक के साढू को गंभीर अवस्था मे बिलासपुर के एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सारंगढ से पांच किलोमीटर दूर ग्राम गोढ़ीहारी मे गिरी प्रसाद पटेल के बेटे की बारात कल सुबह आठ बजे ग्राम बिर्रा जांजगीर चांपा गई थी जहां बराती परघनी के बाद पुरूषोत्तम पटेल बाईक क्र सी जी 6जी एफ0134 से अपने साले कोसीर सारंगढ निवासी मुकेश पटेल और उसका साढू ग्राम सिलादेही बिर्रा निवासी कृष्ण पटेल के साथ बिर्रा से 12किलोमीटर दूर केरा (जांजगीर) ढाबा खाना खाने चले गये वापसी मे केरा के बसस्टेंड चौंक मे विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्र एम एच 40 बी जी 6129 आमने सामने भीडंत हो गई जहाँ मुकेश पटेल की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई वहीं पुरुषोत्तम की जांजगीर लेजाते समय रास्ते मे मौत हो गई ।

एम.आई.सी. में दी गई विभिन्न कार्यो को स्वीकृति

कोरबा (आरएनएस)। निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में आज नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो सहित अन्य कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति में एम.आई.सी. की बैठक आज संपन्न हुई। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत प्रथम तल स्थित सभागार में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड क्र 10 संजय नगर में आर.सी.सी नाली एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य, नगर पालिक निगम कोरबा के परिवहन नगर जोन अंतर्गत स्टेडियम के समीप नवनिर्मित ऑडिटोरियम हॉल को किराये पर देने की शर्तो, राज्य प्रवर्तित मद अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय सर्वसमाज मांगलिक भवन योजना का अनुमोदन, कोरबा के समस्त जोन में निगम के भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य, इंदिरा स्टेडियम के सामने बने चौक के नामकरण के संबंध में, श्री के.पी.गुप्ता, उप अभियंता के मध्यप्रदेश शासन में संविलियन के संबंध में तथा निगम के कर्मचारियों के पदोन्नति के संबंध में स्वीकृति प्रदान करने के साथ साथ महापौर परिषद द्वारा निगम के विभिन्न वार्डो के आंतरिक सड़कों के मरम्मत कार्य/रिनुअल कोर्ट/गढढे भरने के कार्य को 15 जून से पहले कराने के संबंध में निर्णय पारित किया गया। जिला खनिज न्यास मद के माध्यम से दर्री डेम से गोपालपुर एवं सी.एस.ई.बी. चौक से बरबसपुर तक मुख्य मार्ग तथा मुड़ापार में अमरैया मोड़ से गुरूघासीदास चौक-महाराणा प्रताप नगर-घंटाघर होते हुए निर्मला स्कूल तक मुख्य मार्ग का डामरीकरण कार्य तथा बांकी मोगरा जोन अंतर्गत इंदिरा नगर से बाकीमोंगरा तक मुख्य मार्ग डामरीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य तथा सर्वमंगला मंदिर के सामने हसदेव नदी में छठ पूजा एवं सावन के महिने में जल उठाकर कनकी में कनकेश्वरधाम मंदिर यात्रियों एवं आम नागरिकों के लिए सर्व सुविधायुक्त घाट का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ अनुमानित होगी तथा रूमगरा वार्ड क्र 42 में सिंचाई विभाग के नहर के उपर नये पुल का निर्माण कार्य कराये जाने का प्रस्ताव पारित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव जिला कार्यालय प्रेषित किये जाने का निर्णय पारित किया गया।